**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 1864**
**गुरुवार, 11 दिसंबर, 2025/20 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस प्रशिक्षण के लिए शुल्क**

**1864. श्री असादुद्दीन ओवैसी:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पता है कि देश में वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) प्रशिक्षण शुल्क अंतर्राष्ट्रीय लागत मानकों से काफी अधिक है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा सीपीएल प्रशिक्षण लागत को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बराबर लाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(ग) सरकार द्वारा शोषणकारी प्रथाओं पर अंकुश लगाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पायलट प्रशिक्षण संस्थानों की शुल्क संरचना को मानकीकृत करने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या सरकार अल्पसंख्यक और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों के छात्रों और लड़कियों के लिए सीपीएल प्रशिक्षण हेतु छात्रवृत्ति या वित्तीय सहायता शुरू करने की योजना बना रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को पता है कि सीपीएल प्रशिक्षण की उच्च लागत के कारण सीपीएल में नामांकित छात्रों की कमी हो रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सीपीएल कार्यक्रमों में छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(च) सरकार का एक निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी विमानन क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए पायलट प्रशिक्षण लागत से संबंधित नीतियों की कब तक समीक्षा और सुधार करने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ग) नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) निर्धारित नियमों और विनियमों के अनुसार उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) को अनुमोदन प्रदान करता है। डीजीसीए छात्रों द्वारा एफटीओ से सीपीएल प्राप्त करने के वित्तीय पहलुओं को विनियमित नहीं करता है। वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण की लागत बाजार संचालित होती है।

सीपीएल प्रशिक्षण अत्यधिक तकनीकी/सुपर विशेषज्ञता वाला होता है। प्रशिक्षण की लागत अन्य कारकों के साथ-साथ निम्नलिखित कारकों द्वारा निर्धारित होती है: -

(i) विमान में उपयोग किए जाने वाले ईंधन (एवीजीएएस 100एलएल) की उच्च लागत।

(ii) देश में प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए जाने वाले अधिकांश विमान विदेश में विनिर्मित किए जाते हैं और इसलिए महँगे होते हैं।

(iii) विमान के कलपुर्जों की उच्च लागत।

(iv) प्रशिक्षण के लिए आयातित उड़ान सिमुलेटर।

(v) प्रशिक्षण के लिए विमान का प्रकार और विमानों की संख्या।

देश में वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण शुल्क अन्य आईसीएओ अनुबंधित देशों के अधिकांश फ्लाइंग स्कूलों के साथ प्रतिस्पर्धी है।

विनियामक ढांचे और प्रशिक्षण मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए डीजीसीए द्वारा एफटीओ की संपरीक्षा और निरीक्षण किए जाते हैं।

(घ) वर्तमान में, नागर विमानन मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ङ) और (च) पायलट प्रशिक्षण पारितंत्र में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, डीजीसीए ने दिनांक 01 अक्टूबर, 2025 से अपने अनुमोदन के तहत संचालित उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के लिए रैंकिंग ढांचे को लागू किया है।

वर्तमान में, पायलट प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण लागत को विनियमित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****